# ट्रेन में दो लावारिस सूटकेस से गांजा पकड़ा

## रेलवे पुलिस ने सूटकेस की जानकारी के लिए यात्रियों से पूछताछ की



उदयपुर-आसारवा ट्रेन में दो लावारिस सूटकेस से गांजा पकड़ा।

**डूंगरपुर,** (निसं)। रेलवे पुलिस डूंगरपुर की ओर उदयपुर-असारवा ट्रेन में दो लावारिस सुटकेस से 12 किलो 170 ग्राम गांजा पकड़ा है।

रेलवे पुलिस थानाधिकारी छोटूलाल ने बताया की राज्य सरकार और रेलवे के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेलवे में संदिग्ध गतिविधियों और मादक पदार्थ के परिवहन की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा था। इसी अभियान के तहत गुरुवार को उदयपुर-असरवा ट्रेन देर रात 3:35 बजे उदयपुर से रवाना हुई थी। इसी ट्रेन को डूंगरपुर क्षेत्राधिकारी में निरीक्षण के दौरान दो सुटकेस जनरल कोच में संदिग्ध हालात में मिले।

सुटकेस की जानकारी के लिए आसपास के यात्रियों से पूछताछ की। जिसमें किसी ने सुटकेस के बारे में कुछ नहीं बताया। इसके बाद सुटकेस को रेलवे पुलिस ने जब्त कर डूंगरपुर थाने में रखवाया। जहां पर उच्चाधिकारियों की सूचना पर सुटकेस की जांच में गांजा मिला। इस गांजे का वजन करीब 12 किलो 170 ग्राम था। इसकी बाजार कीमत करीब 70 हजार रूपए आंकी गई है। रेलवे पुलिस की ओर से आगे का अनुसंधान शुरू किया।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे का जायजा लिया

## राष्ट्रीय राजधानी से सीधे जुड़ाव से सवाईमाधोपुर के पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे (एनई-4) के बौंली से कुस्तला सैक्शन (चैनेज 247.310- 292.950) का शुक्रवार को उद्घाटन किये जाने के बाद उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने इसका जायजा लिया।

- **बौंली से कुस्तला तक निर्मित हुए इस 45.64 किमी. के सैक्शन पर लगभग 1658 करोड़ रूपये व्यय किये गये हैं**



उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे का जायजा लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सवाईमाधोपुर के सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ने से यहां के पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। सवाईमाधोपुर देश का एक बड़ा पर्यटन स्थल है जहां रणथम्भोर नेशनल पार्क, खंडार फोर्ट, चौथमाता मंदिर सहित कई दर्शनीय स्थल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली एनसीआर के पर्यटकों के लिए दूरी कम होने से सवाईमाधोपुर को वीकेंड डेस्टीनेशन के तौर पर भी बढ़ावा मिलेगा जिससे क्षेत्र में रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में बहुआयामी औद्यौगिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ाव मिलेगा। क्षेत्र के फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों को दिल्ली के बाजारों तक सीधी पहुंच मिलने से उनकी आय में वृद्धि भी होगी। गौरतलब है कि बौली से कुस्तला तक निर्मित हुए इस 45.64 किमी. के सैक्शन पर लगभग 1658 करोड़ रूपये व्यय किये गये हैं। इस सैक्शन के पूर्ण होने से अब एक्सप्रेस वे का 292 किमी. का हिस्सा (दिल्ली से कुस्तला, सवाईमाधोपुर) आमजन के लिए समर्पित हो चुका है।

**एटीएमएस का लिया जायजा, एक्सीडेंट संभावित क्षेत्र को करें दुरूस्त :-** उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली मुंबई वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे के पैकेज 4 से 8 के लिए भांडारेज में बनाये गये एडवांस ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम का जायजा लिया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक्सप्रेस वे पर एक्सीडेंट संभावित क्षेत्र को चिन्हित कर तत्काल दुरूस्त करवायें ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

एनएचएआई के अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि भांडारेज में स्थापित किया गया सिस्टम हरियाणा बोर्डर से बौंली तक के लगभग 170 किमी. के हिस्से की निगरानी रखता है। इस सिस्टम के माध्यम से पूरे एक्सप्रेस वे को मॉनिटर किया जा सकता है। इसके तहत हर 10 किमी. पर व्हीकल स्पीड डिटक्शन सिस्टम (वीएसडीएस-स्पीड कैमरा) लगे हैं जिससे स्पीड लिमिट क्रॉस करने वाले वाहनों का स्वत: चालान कट जाता है। इसके साथ ही हर 1 किमी. पर ट्रेफिक मॉनिटरिंग केमरा लगे है जिससे पूरे 170 किमी. के हिस्से को एक जगह बैठकर देखा जा सकता है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरसाती नाले की खुदाई के दौरान श्रमिक को करंट लगा

## लोगों ने जान जोखिम में डालकर श्रमिक को बचाया

- **मौके पर मची अफरा-तफरी, ठेकेदार और श्रमिक मौके से दूर भागे**

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर में करोड़ों रुपए की लागत से चल रहे बरसाती नाले की खुदाई के दौरान मुख्य कपड़ा बाजार में एक श्रमिक करंट की चपेट में आ गया। करंट श्रमिक को करंट लगते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद ठेकेदार और श्रमिक दूर चले गए। लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर श्रमिक को बचाया और तुरंत मौके से भाग रहे ठेकेदार और श्रमिकों को रोककर करंट लगने से घायल हुए श्रमिक को अस्पताल पहुंचाया।

दुकानदारों ने बताया कि कपड़ा बाजार में बरसाती नाले की खुदाई का कार्य चल रहा था इसी दौरान कलकता निवासी श्रमिक राजू उम्र 35 वर्ष करंट की चपेट में आ गया तथा वह नाले में गिरने लगा लेकिन मौके पर मौजूद दो लोगों ने उसे तुरंत खींच लिया करंट लगने से श्रमिक के नाक से खून बहाने लग गया तथा बाजार में अफरा तफरी का माहौल हो गया मौके पर मौजूद ठेकेदार और अन्य श्रमिक दूर जाकर खड़े हो गए लेकिन किसी ने भी श्रमिक को बचाने की कोशिश नहीं की यही नहीं ठेकेदार तो मौके से फरार होने लग गया लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर श्रमिक को अस्पताल पहुंचा के इलाज करने को कहा तब ठेकेदार और श्रमिक घायल श्रमिक को ट्रैक्टर में डालकर अस्पताल इलाज हेतु ले गए बताया गया कि करोड़ों रुपए के लागत से कछुआ चाल से काफी समय से बरसाती नाले का निर्माण चल रहा है लेकिन यह कार्य काफी घटिया निर्माण सामग्री से बिना मापदंड से किया जा रहा है और श्रमिकों की जान के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। श्रमिक अपनी जान जोखिम में डालकर बिना सुरक्षा इंतजामों के कार्य कर रहे है। पुष्कर थाना अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि आपसी समझाइस होने के कारण पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।

## इंजीनियरिंग छात्र ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में इंजीनियरिंग छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में स्थित विद्याभवन हॉस्टल परिसर में रहने वाले देवगढ़ राजसमन्द निवासी हर्षवर्धनसिंह पुत्र रणजीतसिंह ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। हर्षवर्धन गत दिनों अपने गांव गया था एवं दो दिन पूर्व ही लौटा था। गुरूवार सायं छात्रों के साथ मेस में खाना खाने नहीं आया। इस पर साथियों ने कमरे पर जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई कृष्णगोपाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। हर्षवर्धन पोलोटेक्निक कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था एवं मौके पर मिले सुसाईड नोट में स्वेच्छा से आत्महत्या करना लिखा है कारणों का खुलासा नहीं हुआ।

## छात्रा से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में 7वीं कक्षा की छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता को घूमाने के बहाने अपने जीजा के घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की ओर से आदर्श नगर थाने में इसकी शिकायत दी गई है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित मां की ओर से थाने पर शिकायत दी गई है।

शिकायत में बताया कि उसकी 14 साल की नाबालिग बेटी है, जो 7 वीं कक्षा की छात्रा है। बेटी ने उसे बताया कि हर्षित नाम का लड़का उसे दोस्ती करने के लिए दबाव बना रहा था। उसे मना किया, लेकिन वह फिर भी नहीं माना। जब वह घर से काम के लिए निकली इसी दौरान आरोपी उसे मिला और बहला-फुसलाकर घुमाने के बहाने अपने जीजा के घर लेकर चला गया।

पीड़िता ने मां को बताया कि वहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। बाद में आरोपी उसे एक स्कूल के बाहर छोड़कर चला गया। बेटी के द्वारा बताई गई घटना के बाद पीड़ित की मां थाने पहुंची और मामले में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच थाना प्रभारी चेनाराम बेडा के द्वारा किए जा रही है।

# लूटपाट मामले में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

- **घटना में उपयोग की गई सफारी गाड़ी को भी बरामद किया**

**रुदावल,** (निसं)। रुदावल थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में उपयोग की गई सफारी गाड़ी को भी बरामद किया।

आरोपी के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में 13 मामले दर्ज है। रुदावल थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि 11 जुलाई 2023 को गांव रछुआ थाना जगनेर निवासी लक्खोराम पुत्र टीकमसिंह गुर्जर ने मामला दर्ज कराया था कि 10 जुलाई की शाम को वह बंशी पहाड़पुर से पट्टी देखकर वापस अपने गांव जा रहा था। रास्ते में नगला छतरी की सपाट के पास गांव रछुआ निवासी देवेन्द्र गुर्जर व इसके साथी जयशिव, हेमसिंह, बबलू ने उसकी बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया और हॉकी डंडों से मारपीट कर सोने की लर व तीन अंगूठी एवं जेब में रखी नगदी व एक कीपैड मोबाइल को छुड़ाकर ले गए। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। जिस पर एसपी भरतपुर ने आरोपी देवेन्द्र गुर्जर की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया।

आईजी राहुल प्रकाश, एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एडीशनल एसपी ओमप्रकाश किलानियां, सीओ किशोरीलाल के सुपरविजन में एसएचओ योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई भरतलाल, कास्टेबल तोरनसिंह, छोटूसिंह, राजेश कुमार की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लूटपाट के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी देवेन्द्र गुर्जर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर सफारी गाड़ी को बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में तकनीकी साक्ष्य एवं आसूचना में कांस्टेबल छोटू सिंह की विशेष भूमिका रही।

## पति से हुए झगड़े में पत्नी ने हाथ की नस काटी

**अजमेर,** (कासं)। गंज थाना क्षेत्र में पति से हुए घरेलू झगड़े में पत्नी ने अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने का प्रयास का मामला सामने आया है। परिजन घायल महिला को उपचार के लिए जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचे पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ अस्पताल की पार्किंग में आपस में झगड़ पड़े और एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। हालांकि इस मामले में थाने पर कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

जानकारी के अनुसार अनुसार फॉयसागर रोड निवासी कोमल ने अपने ससुराल में पति से हुए घरेलू झगड़े के बाद हाथ की नस काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिवार के लोगों ने देखा तो घर में हड़कंप मच गया। महिला को परिरज तुरंत जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया। उपचार के बाद चिकित्सकों ने अस्पताल से महिला को छुट्टी दे दी। सूचना मिलते ही महिला के ससुराल पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए और घटना की जानकारी ली गई। बाद में दोनों पक्षों के लोग अस्पताल की पार्किंग परिसर में ही झगड़ा करने लग गए और एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। कुछ देर बाद मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि करीब छह महीने पहले ही महिला की शादी हुई थी।

# भगवान देवनारायण की नवनिर्मित चांदी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई

- **एक करोड़ की लागत से 101 किलो चांदी से बनी है भगवान देवनारायण की मूर्ति**
- **प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व महाविद्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ**



जौधपुरिया में भगवान देवनारायण मंदिर में आयोजित मेले के सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

**निवाई,** (निसं)। गुर्जर समाज के आराध्य देव व जन-जन के मानस भगवान श्री देवनारायण के 1112 वें जन्मोत्सव व तीन दिवसीय लक्खी मेले के बुधवार को शुभारंभ के बाद शुक्रवार को कई कार्यक्रम हुए। देवनारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी ने बताया कि भगवान देवनारायण का विशाल लक्खी मेला व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व महाविद्यालय की भूमि का पूजन सहित कई कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित हुए।

दोपहर में घुड़दौड़ सहित कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। सुबह भगवान श्री देवनारायण की विशेष मंगला आरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले को लेकर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों सम्मानित किया।

ग्राम पंचायत जोधपुरिया के देवधाम मंदिर पर भगवान देवनारायण की चांदी की मूर्ति जयपुर के भामाशाह राजाराम गुर्जर के सहयोग से बनी है जो 101 किलो चांदी व एक करोड़ की लागत से बनी है। देवनारायण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व महाविद्यालय का भूमि पूजन भामाशाह राजाराम गुर्जर ट्रस्ट के पदाधिकारियों व अध्यक्ष फूलचंद लांगडी, कोषाध्यक्ष सुरेश डोई, महामंत्री हरषाणा ने वैदिक ब्रह्मा यज्ञाचार्यो व वैदिक विद्वानों के सानिध्य में व हवन कुंडाचार्यो के द्वारा वैदिक मंत्रों से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की।

भगवान देवनारायण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तीन दिवसीय मेले के तीसरे दिन शुक्रवार को हुआ। 6 फीट के गर्भगृह में 3 फीट ऊंचे चबूतरे पर शुद्व चांदी से बनी है। 101 किलो वजनी 45 इंच ऊंची व 2 फीट चौड़ी मूर्ति स्थापित हुई। मूर्ति का अनावरण 1:41 मिनट पर संतों ट्रस्ट के पदाधिकारियों व भामाशाह राजाराम गुर्जर के सानिध्य में हुआ।

मेले में गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक रामसहाय वर्मा, प्रधान रामावतार लांगडी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, सभापति लक्ष्मी जैन, नरेश बंसल, कोषाध्यक्ष सुरेश डोई, महामंत्री शिवप्रताप हरषाणा, सुरज्ञानसिंह काटरा, पूर्व महामंत्री रामकिशन बहादुरपुरा, सवाईभोज गुर्जर, मनफुल गुर्जर, शंकरलाल पडियार, बाबूलाल मण्डालिया, रामविलाश लांगडी, मोरपाल लांगडी, बन्नालाल लांगडी, रामकरण हरषाणा, श्रवण भोपा, लक्ष्मण रग्गल, एसआर फागणा, हरिराम किवाडा, देवनारायण गुर्जर पीटीआई व बुधराम मीणा व लक्ष्मीचंद शर्मा सहित सैकडों श्रद्वालु व ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे। भामाशाह राजाराम गुर्जर का देवधाम में नई चांदी की मूर्ति स्थापित करने पर वनस्थली मोड से देवधाम तक जगह-जगह सामाजिक समूहों ने स्वागत सत्कार किया। लोगों ने राजाराम को कंधों पर बिठाकर पलक पावडे बिछा दिए।

# हादसे में जयपुर के युवक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में अजमेर-भीलवाड़ा हाइवे पर सरेरी चौराहे के निकट एक ट्रेलर चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रही पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में पिकअप सवार जयपुर के एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया।

जसवंतपुरा, अजमेर निवासी शैतान पुत्र घीसा बैरवा ने थाने में रिपोर्ट दी कि वह केटरिंग का कार्य करता है। गुरुवार शाम को पिकअप से केटरिंग कार्य के लिए अजमेर से निंबाहेड़ा की ओर जा रहे थे। सरेरी चौराहे स्थित श्री यादव काका होटल के सामने आगे चल रहे ट्रेलर के चालक ने अपने ट्रेलर को होटल पर रोकने के लिए बिना पीछे देखे अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके चलते पीछे चल रही पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। जिससे पिकअप चालक होकरा निवासी धर्मा पुत्र ज्ञान सिंह रावत को चोटें आई, जबकि राहुल पुत्र रामजी लाल बैरवा निवासी रहलाना, जयपुर की हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। शव को लेकर पिकअप सवार लोग गुलाबपुरा अस्पताल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की है।


**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर**

प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001

Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/Phone No. 90798-06434

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/8594 ॥ निविदा सूचना ॥ दिनांक 16.02.2024

बैंक को अपनी शाखाओं हेतु स्केनर एवं प्रिंटर (Scanner-Canon CR 120 UV, Printer - Smart Cart/PVC Duplex ID Card) हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/कम्पनियों (GST Firm) से निविदा आमंत्रित की जाती है। अत: इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/कम्पनियों (GST Firm) अपनी निविदा मय वितरण सील बंद लिफाफे में दिनांक 29.02.2024, गुरूवार सांय 4.00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें। विस्तृत विवरण एवं शर्तें इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com का अवलोकन करें।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.बैंक


# 'राजस्थान में 21 फरवरी को किसान आंदोलन का आगाज होगा'

## करवर में आयोजित किसान सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि पूरे प्रदेश से 500 ट्रैक्टर के साथ जयपुर से दिल्ली कूच करेंगे किसान

**करवर/ कोटा,** (निसं)। खेत को पानी एंव फसल को दाम किसानों को मिले इसके लिए अब किसान आरपार की लड़ाई के मुड में है। शुक्रवार को करवर में आयोजित किसान सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि 21 फरवरी को एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर किसान महापंचायत द्वारा आन्दोलन का आगाज होगा। 21 फरवरी को 500 ट्रैक्टरों के साथ जयपुर से दिल्ली कूच किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि हाड़ौती क्षेत्र में सरसों की बंपर पैदावर होती है। लेकिन किसानों को सरसों की फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। पाम आयल का आयात किया जा रहा जो स्वास्थ्य के लिए हानिकार होता है, लेकिन सरसों के तेल में कारोबारी धड़ल्ले से मिलावट करके बेच रहे है। प्रधानमंत्री फसल योजना में जो परिर्वतन किया गया है, वह किसान हीत में नहीं है। फसल का बीमा के लिए प्रीमियम भरी जा रही है, लेकिन फसल खराबा होने के बाद भी किसान को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। बीसलपुर योजना के तहत करवर क्षेत्र की 14 पंचायतों को सिंचाई के लिए पानी मिलना था लेकिन किसानों ने इसके लिए संघर्ष नहीं किया और सिंचाई के पानी करवर क्षेत्र को नहीं मिल पाया। अब पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में चांकन बांध के अलावा तीन बांध भी ओर भी भर जाये तो क्षेत्र में जलस्तर बढ़ेगा जिससे पेयजल एंव सिचाई में किसानों को लाभ होगा।

उन्होंने बताया कि सरकार किसी भी राजनैतिक दल की हो लेकिन एमएलए एंव एमपी के वेतन,भत्ते बढ़ाने में एकता दिखाते है, लेकिन अन्नदाताओं को उसकी उपज का उचित दाम मिले इसके लिए कोई भी सरकार पहल नहीं करती है। जब भी चुनाव आता है, राजनैतिक दल केवल किसानों से वोट लेने के लिए किसानों को गुमराह करते हैं, लेकिन सरकार में आने के बाद किसानों की कोई सुध नहीं लेते हैं। ऐसे में देश का अन्नदाता अब खेत खलिहान में काम करना छोड़ कर अपने हक के लिए आरपार की लड़ाई के मुड में है। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रवक्ता बनकर उनकी पीड़ा को सुनाते हुए 14 वर्ष बीत गये लेकिन धरना, प्रदर्शन एंव ज्ञापन से सरकार सुनने वाली नहीं है, इसलिए अपने हक के लिए पूरे राजस्थान भर के किसानों को एमएसपी गारंटी कानून को लेकर चल रहा आन्दोलन का समर्थन करते हुए 21 फरवरी से राजस्थान में आन्दोलन का आगाज किया जा रहा है। बून्दी जिले के करवर में किसान महापंचायत के प्रांतीय स्तरीय पदाधिकारियो की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। पूरे प्रदेश भर के किसान प्रतिनिधियों ने किसानों के हक के लिए किया जाने वाले संघर्ष में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया है। हर जिले से किसान ट्रेक्टर में बैठ कर आन्दोलन में भाग लेंगे।

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित हुई जिसमें किसान महापंचायत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घासीलाल फगोड़िया, प्रदेश संयोजक सत्यनारायण सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, महामंत्री जगदीश खुडियाला, प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बैरवा एवं रतन खोखर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, अजमेर जिले के अध्यक्ष प्रहलाद जाट एवं महामंत्री रामेश्वर घासल, दुलाराम प्रजापत, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के आचार्य प्रोफेसर गोपाल मोदानी, सत्यनारायण नागर,सियाराम गुर्जर, धनराज गुर्जर, ब्रजमोहन मीना, अशोक नागर सहित राजस्थान के आठ जिलों के किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल नैनवॉ जिला बूंदी (राज.)**

E-Mail :- nnagarpalika@gmail.com

क्रमांक न.पा.नै./सफाई/2024-25/10222 दिनांक : 08.02.2024

**-: वार्षिक ई-निविदा-सूचना 03/2024-25 :-**

नगरपालिका नैनवॉ द्वारा व्यक्ति/फर्म/मैसर्स से निम्नांकित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी समस्त विवरण को वेबसाईट www.sppp.rajasthan.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता हैं। उक्त निविदा का NIB Code :- DLB2324A8625 हैं। कार्य का UBN No. निम्न प्रकार है।

(1) DLB2324SLRC31208
(2) DLB2324SLRC31212
(3) DLB2324SLRC31214

राज.संवाद/सी/23/13074 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी



राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था (राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित) तृतीय तल, पंत कृषि भवन, जनपथ, सी-स्कीम जयुपर 302005 (राज.)

Director Rajasthan State seed And Organic Certification Agency, (Established By Rajasthan Govt.) IIIrd Floor Pant Krishi Bhawan C-Scheme Janpath Jaipur-302005 (Raj.)

F.1(92)/RSSOCA/Store/2024/1608 Dated: 05.02.2024

**E-Procurement Tender Notice**

The Bids for Supply of Label Printing Machine, Satin/white color tags, Desktop Computes, Tablet, Printers, ect. are online invited from interested bidders approx cost amount Rs. 2.61 Crores up to 2:00 PM of dated 27.02.2024. other terms and condition of the bids may be viewed on the website of department http://www.agriculture.rajasthan.gov.in and SPP Portal website http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in

UBN No.: SCA2324GLOB00002

(Ram Avatar Sharma)
Director

DIPR/C/907/2024